# वीयू–एनिमल हसबेंडरी डिप्लोमा कॉलेज जबलपुर में युवा महोत्सव 2025 का आयोजन



आज दिनांक 29 नवंबर 2025 को नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के प्रांगण में एनिमल हसबेंडरी डिप्लोमा महाविद्यालय जबलपुर का वार्षिक अंतर कक्षा खेलकूद एवं सांस्कृतिक समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि माननीय कुलगुरु डॉ. मनदीप शर्मा जी एवं अन्य अन्य अतिथियों के द्वारा सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन करके किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम संचालक डिप्लोमा डॉ. गिरधारी दास द्वारा अतिथियों का स्वागत एवं अपने उद्‌बोधन में कम संसाधनों में बेहतर आयोजन करने के लिए प्राचार्य, छात्रों एवं विद्यालय कर्मचारियों का साधुवाद किया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में कुलसचिव डॉ. सुदिप्ता घोष द्वारा छात्रों को तकनीकी माध्यम से शिक्षा ग्रहण करने के साथ–साथ खेलकूद व सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने से शारीरिक व मानसिक विकास के विषय में संबोधित किया। तदोपरांत माननीय कुलगुरू डॉ. मनदीप शर्मा जी द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की आवश्यकता, उपयोग व इस्तेमाल की सही जानकारी के साथ–साथ 13 वर्षों में प्रथम बार आयोजित इस आयोजन हेतु महाविद्यालय को शुभकामनाएं दी व अपने आशीष वचनो से कार्यक्रम को सिंचित किया। आभार प्रदर्शन प्राचार्य डॉ. आर.पी. सिंह जी द्वारा किया गया।



उक्त आयोजन में खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत 11 प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया गया एवं विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। खेलकूद प्रतियोगिताओं में अंतिम




वर्ष विजेता व द्वितीय वर्ष उपविजेता घोषित किए गए। क्रिकेट प्रतियोगिता में ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए भानु को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट घोषित किया गया। नृत्य प्रतियोगिता में जयश्री सोनी एवं प्रशांत झारिया को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. श्रीकांत जोशी, संचालक प्रक्षेत्र डॉ. जी.पी. लखानी, संचालक शिक्षक डॉ. मधु स्वामी, संचालक विस्तार सेवाएं डॉ. सुनील नायक, डॉ विश्वजीत राय, डॉ अनिल शिंदे, डॉ. रामकिंकर मिश्र, डॉ. पूनम शाक्य, डॉ. अक्षय गर्ग विश्वविद्यालय की ओर से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने हेतु उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने मैं महाविद्यालय के डॉ. साहिल मंसूरी, डॉ. स्वप्निल मरावी, डॉ. रश्मि विश्वकर्मा एवं महाविद्यालय के समस्त कर्मचारी व छात्र– छात्राओं द्वारा महती भूमिका निभाई गई।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर